## वृद्धाश्रम में महावीर स्वामी के अमर संदेशों का वाचन किया



जबलपुर, अरविन्द जैन 'बाकल'। दिगम्बर गोलालारीय जैन नवयुवक सभा के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति भगवान महावीर स्वामी जी की 2612वीं जयंती के उपलक्ष्य में वृद्ध आश्रम एवं कुष्ट आश्रम जाकर श्री राजकुमार जैन द्वारा भगवान महावीर स्वामी के सत्य, अहिंसा, जियो और जीने दो के संदेशों का वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष अरविंद जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जयकुमार जैन, डॉ. सुनील जैन, अश्विन जैन, आलोक जैन, रविन्द्र जैन, ऋषभ मोदी एवं रीतेश मोदी का विशेष सहयोग रहा।

दिनांक 22 अप्रैल को रात्रि 9 बजे से श्रीगणेश प्रसाद वर्णी पाठशाला के बच्चों द्वारा भव्य नृत्य नाटिका, वर्धमान के 6 रुपों का वर्णन किया गया।

## भगवान महावीर को झुलाया पालना, शोभयात्रा निकाली



ललितपुर, शैलेष जैन 'पिन्टू'। जैन धर्म के चौबीसवे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इससे पूर्व सुबह के समय डोड़ाघाट स्थित चंद्रप्रभु जैन मंदिर में भगवान का अभिषेक व पूजन किया गया। लोगों ने पालने में बिराजे भगवान को झूला झूलाकर पुण्य लाभ लिया।

मंगलवार को सुबह डोड़ाघाट स्थित चन्द्रप्रभु जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का मंगल अभिषेक किया गया। विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद जन्मोत्सव मनाया गया। इसके बाद भगवान को पालने में बैठाया गया। सावरकर चौक, अटामंदिर, वर्णी कालेज स्थित क्षेत्रपाल मंदिर, नई बस्ती जैन मंदिर सहित अन्य जैन मंदिरों में महिला मंडलियों ने भगवान के जन्मोत्सव गीत प्रस्तुत किए। शाम को पांच बजे नगर के सभी जैन मंदिरों की शोभायात्रा सावरकर चौक स्थित अटा मंदिर पर एकत्रित हुई। यहां से बैंडबाजों की धुन पर मुख्य शोभायात्रा निकाली गई, जो प्रमुख मार्गो से होते हुए अटा मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंडबाजे भगवान के जन्मोत्सव के गीतों की ध्वनि निकालते हुए चल रहे थे। उनके पीछे घोड़े पर धर्म ध्वजा लेकर युवा चल रहे थे। बग्गियों पर भगवान महावीर के चित्रों की झांकियां सजी हुई थीं। इसके बाद महिलाएं पीले वस्त्र धारण करके मंगल गीत गाते हुए आगे बढ़ रही थी। वही, पुरुष सफेद वस्त्र धारण करके पीछे चल रहे थे। वीर व्यायाम शाला, वीर सेवा संघ, स्याद्वाद सेवा संघ, आदिनाथ व्यायाम शाला आदि के युवाओं ने शोभायात्रा के बीच बीच में हैरतअंगेज प्रदर्शन किए, जिनको देखकर सभी दंग रह गए। शोभायात्रा मार्ग पर स्वागत द्वार लगाकर लोगों ने भगवान के दर्शन किए और जुलूस में शामिल समाजजनों का स्वागत किया। जैन युवा संगठन के तत्वावधान में महावीर नेत्र चिकित्सालय पर 30 युवाओं ने रक्तदान कर समाज को एक अमर संदेश दिया।



## इन्दौर

इन्दौर, कोमलचंद जैन। चैत्र शुक्ल तेरस का महत्वपूर्ण दिन जिस दिन वर्तमान जिन शासन नायक भगवान महावीर स्वामी का जन्मदिवस मनाया जाता है, जैन समाज इस दिन को हर्षोल्लास पूर्वक मनाते आये है। प्रातःकाल से ही प्रभात फेरी, पूजा–अर्चना एवं सांध्य में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। गोलालारीय समाज के सभी सदस्य हर्षोल्लास पूर्वक अपने स्थानीय मंदिरों में भाग लेते है। समाज के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर 64, न्यू देवास रोड़ पर प्रातः प्रभातफेरी का आयोजन किया गया जिसमें समाज के वयोवृद्ध स्थायी ट्रस्टी श्री धरमचंदजी के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किये गये। समाज के अस्थाई ट्रस्टी श्री महेन्द्र जैन, श्री विजय जैन, मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष श्री सुनील जैन व समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री देवकुमार जैन, अनिलकुमार जैन, हेमंत जैन, हीरालाल जैन तथा महिला मंडल की सदस्या श्रीमती किरण फणीश, भारती जैन, साधना जैन ने इस प्रभातफेरी में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा पारंपरिक मार्गो से होती हुई पुनः मंदिर पर आई जहां श्रीजी के कलश हुए।

सकल दिगम्बर जैन समाज की पारंपरिक शोभायात्रा दोपहर 3 बजे इतवारिया बाजार से प्रारंभ हुई जिसमें जैन समाज के सभी वर्गो ने विशेष रुप से भाग लिया। गणाचार्य 108 विराटसागरजी महाराज का विशाल मुनि संघ जिसमें 70 से अधिक साधु, आर्यिका माताजी एवं क्षुल्लिका माताजी, ऐलक व क्षुल्लक साधुजन थे। ऐसा अविस्मरणीय दृश्य कम ही देखने को मिलता है। गोलालारीय समाज के सदस्यगणों ने समाज की एकता व संगठन को सशक्त बनाने के नारों की तख्तियों पर 'संगठन में ही शक्ति है, एकता में समझदारी है, बिखर गए तो कुछ नहीं बचेगा' ऐसे प्रेरणापद संदेशों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए जिससे शोभायात्रा पथ पर लगे स्वागत मंचों ने विशेष रुप से सराहा व समाज अध्यक्ष को इस प्रयास हेतु सम्मानित भी किया गया। समस्त जैन समाज शोभायात्रा पथ पर उमड़ पड़ा था, सड़क के दोनो ओर सैकड़ो महिलाये व बच्चें समारोह में शामिल झांकियों को निहार रहे थे। गत 5 वर्षो से गोलालारीय समाज के पदाधिकारियों के प्रयास से इस पारंपरिक समारोह में हमने अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है।



## बाकल में सिद्धचक्र विधान मंडल संपन्न

बाकल, पुष्पेन्द्र जैन। हमारे भीतर भी ईश्वर बनने की शक्ति है सिर्फ उसे उद्घाटित करने की आवश्यकता है। आज हम भगवान की आराधना तो कर रहे है किन्तु उस आराधना साधना में भी कही न कही हमारा अपना स्वार्थ छिपा है, भक्ति निष्काम भाव से की जानी चाहिए। भक्तिपूर्ण तल्लीनता, समर्पण भाव, प्रमुदित गुणों के साथ होनी चाहिए। श्रावक को पूजा एवं दान दोनो करना चाहिए। भगवान की आराधना के लिए दोनो साधन आवश्यक है। उक्त सारगर्भित उद्गार पूज्य मुनि प्रयोगसागरजी महाराज द्वारा श्री पार्श्वनाथ दि. जैन मंदिर प्रांगण में चल रहे 8 दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के अवसर पर विशाल धर्मसभा में व्यक्त किये।



बाजार प्रांगण बाकल में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के अवसर पर ब्रह्मचारी भैया संजीव, अरुण भैया एवं पंकज भैया द्वारा पूर्ण विधि विधान के साथ प्रातः 6 बजे अभिषेक पूजन, शांतिधारा, आरती एवं 62 अर्घ्यों का समर्पण किया गया। रात्रि में स्थानीय जाने पहचाने कलाकारों में विमल सिंघई, अजय अहिंसा, संजय सिंघई, श्रीमती राजुल द्वारा कृष्ण सुदामा नाटक की मनमोहक प्रस्तुति की गई।

भारतीय संवत् नववर्ष के प्रथम दिन चैत्य शुक्ल प्रतिपदा गुडी पड़वा के अवसर पर सिद्धचक्र महामंडल विधान में अपनी सहभागिता निभा रहे पात्रो में संजय मोदी, सौधर्म इन्द्र सिंघई नरेन्द्र, श्रीपाल इन्द्र, स्वप्निल साहूकार कुबेर इन्द्र, सिंघई अशोक, जीवनधर मोदी, कैलाश जैन, अनिल मोदी, मुकेश मोदी, पवन मोदी, अजय अहिंसा, डॉ. सुबोध मोदी, सवाई सिंघई अशोक, पुष्पेन्द्र मोदी परिवार तथा अशोक मोदी, सुनील मोदी, राजेन्द्र सिंघई, प्रमोद मोदी, संजय सिंघई, प्रदीप मोदी, अनुराग सिंघई, प्रसन्न मोदी, जितेन्द्र मोदी आदि परिवारों द्वारा कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वही वरिष्ठजनों में काका मोतीलाल, रमेश जैन, सुदेशचंद जैन, पुष्पकुमार जैन, विमल सिंघई आदि द्वारा उत्साहवर्धक सहयोग दिया।

## तालबेहट में महावीर जयंती संपन्न



## गोलालारीय समाज अब वेबसाईट पर भी.....

**गोलालारीय समाज की वेबसाईट www.golalariya.com में प्रत्येक नगर के संगठन की सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों की सचित्र जानकारी समाहित की जा रही है। आपसे सादर अनुरोध है कि आपकी जानकारी में अपने समाज के मुनिराजजी, माताजी, आर्यिकाजी, विद्वान एवं साहित्यकारों की संपूर्ण जानकारी हमें सचित्र भेजें। देश-विदेश में सरकारी एवं निजी संस्थानों में उच्च पदों पर कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी, प्रबंधक, डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट व कंपनी सेक्रेटरी इत्यादि की जानकारी सचित्र भेजें ताकि समाज की इन प्रतिभाओं का हम उचित सम्मान कर उनका परिचय संपूर्ण समाज से करा सके। संपर्क - बाहुबली जैन, 98272-48748**